Mahendra's Daily Current Affairs: 24.08.2021

MAHENDRA GURU

1-Prime Minister Narendra Modi inaugurated and laid the foundation stone of multiple projects in Somnath, Gujarat on 20th August at 11 AM via video conferencing.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अगस्त को प्रात: 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

2-India in collaboration with the UN launched UNITE AWARE - a technology platform for peacekeeping missions aimed at providing terrain-related information to peacekeepers.

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर बुधवार को शांति अभियानों के लिए 'यूनाइट अवेयर' नामक एक प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म की शुरुआत की जो शांतिसैनिकों को क्षेत्र संबंधी सूचना उपलब्ध कराने पर केंद्रित है।

3-Three years after the launch of Defence India Startup Challenge 1.0 (DISC), Innovations for Defence Excellence (iDEX), Defence Innovation Organisation (DIO), launched DISC 5.0 in New Delhi on August 19, 2021.

डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज 1.0 (डीआईएससी) के शुभारंभ के तीन साल बाद, इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (आई-डेक्स), डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (डीआईओ), ने दिनांक 19 अगस्त, 2021 को नई दिल्ली में डीआईएससी 5.0 की शुरुआत की ।

4-For making available high qualityand high speed internet access to the States of North Eastern Region of the country, Universal Service Obligation Fund (USOF) has signed an Agreement with Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL).

देश के पूर्वोत्तर राज्यों में उच्च गुणवत्ता और उच्च गति वाले इंटरनेट तक लोगों की पहुंच उपलब्ध कराने के लिए, यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

5-A ceremonial function was organised at Air Force Station, Car Nicobar to mark the visit of Victory Flame of 'Swarnim Vijay Varsh'.

'स्वर्णिम विजय वर्ष' की विजय ज्योति के आगमन के उपलक्ष्य में कार निकोबार, वायु सेना स्टेशन में एक औपचारिक समारोह का आयोजन किया गया ।

6-Mansukh Mandaviya, Union Minister for Health and Family Welfare today chaired the event Aarogya Dhara- 2.0 to mark the completion of 2 Cr treatments under Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Aarogya Yojana (AB-PMJAY).

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत **2** करोड़ उपचार पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित आरोग्य धारा- **2.0** कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

7-Upendra Prasad Singh, Secretary, Ministry of Textiles inaugurated an international exhibition on Folk & Tribal Art Paintings "Reetiyon se Kalakritiyonka Safar" atNational Crafts Museum &Hastkala Academy,organised byOffice of Development Commissioner, Handicrafts in collaboration with Odi Art Centre.

कपड़ा मंत्रालय के सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह ने**,** ओडी आर्ट सेंटर के सहयोग से विकास आयुक्त कार्यालय**,** हस्तशिल्प द्वारा राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय तथा हस्तकला अकादमी में आयोजित लोक और जनजातीय कला पेंटिंगपर एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी "रीतियों से कलाकृतियों का सफर" का उद्घाटन किया।

8-In continuation with ongoing deployment of Indian Navy ships in the South China Sea, INS Ranvijay and INS Kora undertook bilateral maritime exercise with Vietnam People's Navy (VPN) frigate VPNS Ly Thai To(HQ-012) on 18 Aug 21.

दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के जहाजों की चल रही तैनाती के क्रम में आईएनएस रणविजय और आईएनएस कोरा ने **18** अगस्त **2021** को वियतनाम पीपुल्स नौसेना (वीपीएन) के वीपीएनएस ली थाई तो (एचक्यू-**012)** युद्ध-पोत के साथ द्विपक्षीय समुद्री सैन्य अभ्यास किया।

9-The Bangalore Chamber of Industry and Commerce (BCIC) and the Indian Institute of Science (IISc) – on behalf of the Bengaluru S&T (BeST) cluster entered into an MoU to foster collaboration and support the activities of BeST on 18th August 2021.

बैंगलोर चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स (बीसीआईसी) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) ने बेंगलुरु एसएंडटी (बीईएसटी) क्लस्टर की ओर से आपसी सहयोग को बढ़ावा देने और बीईएसटी की गतिविधियों का समर्थन करने के लिए **18** अगस्त **2021** को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

10-Jharkhand's silk threads are now being threaded into beautiful sarees and for the first time, the work of manufacturing garments has started in the state from Tasar in Jharkhand.

झारखंड के रेशम के धागों को पिरोकर अब उसे खूबसूरत साड़ियों का रूप दिया जा रहा है और पहली बार झारखंड के तसर से राज्य में ही वस्त्र निर्माण का कार्य शुरू हुआ है।